तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



13 इंद्रावती नदी से जल लाकर कलश यात्रा निकली





14 दुकानदारों व वाहन चालकों को अंतिम चेतावनी, नियम तोड़ने पर कार्रवाई तय




## खबर संक्षेप

### ईरागांव में डड़सेना समाज का अधिवेशन आज व कल



**कांकेर।** डड़सेना कलार समाज बस्तर संभाग का वार्षिक अधिवेशन 25 और 26 को ग्राम ईरागांव में आयोजित होगा। इस दौरान सामाजिक भवन का भूमिपूजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायकक कोण्डागांव लता उसेंडी, विशिष्ट अतिथि विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम तथा कार्यकम की अध्यक्षता समाज के संभागीय अध्यक्ष करेंगे। कलश स्थापना, दीप प्रज्वलन, भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत किया जाएगा। कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय प्रतिवेदन, अधिकारी कर्मचारी, महिला प्रकोष्ठ, शिक्षा, सामाजिक गतिविधि सहित युवा गतिविधियों की जानकारी प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया जाएगा।

### मौत के बाद बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर नया माकड़ी ढाबा के पास हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 20 वर्षीय युवक विमल साहू की मौत हो गई थी। विवेचना करने के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि बस क्रमांक सीजी 07 सीजे 7810 के चालक ने वाहन को अत्यंत तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दिया था। पुलिस ने जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपी बस चालक के खिलाफ धारा 281 और 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# तीन दिनों से तापमान 40 पार, पाँच दिनों में और बढ़ सकती है गर्मी, हीटवेव की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गर्मी का तांडव हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता ही चला जा रहा है। अंचल में आने वाले पांच दिनों में अधिकतम तापमान 41 डिग्री से अधिक रहेगा। इतना ही नहीं दिन के अलावा अब रातें भी गर्म होने लगेंगी। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2 डिग्री अधिक यानि 26 डिग्री पर पहुंच चुका है। ज्ञात हो कि 40 डिग्री से अधिक तापमान होने पर हीटवेव के हालात निर्मित होते है। हीटवेव का सीधा असर लोगों की सेहत पर देखने को मिल रहा है।

तापमान बढ़ने के साथ-साथ आलम यह है कि जिले में वायरल के मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ने लगी है। अस्पताल पहुंचने वाला हर पांचवा मरीज वायरल के संक्रमण से ग्रसित है। चिकित्सकों का कहना है कि अभी हीटवेव के गंभीर मामले सामने नहीं आ रहे है, लेकिन आगे गर्मी और बढ़ने पर लोगों को गंभीर शिकायतें हो सकती है। ऐसे में सावधानी बरतना अभी से जरूरी हो गया है। हीटवेव को बढ़ते हुए सरकार ने 20 अप्रैल से छुट्टी घोषित कर दिया, जिससे बच्चे हीटवेब से बच जाएंगे। ज्ञात हो कि सामान्य तौर पर जब तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री से 6.4 डिग्री अधिक हो जाता है, तो हीटवेव की घोषणा की जाती है। यदि तापमान सामान्य से 6.4 सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जाता है, तो यह गंभीर हो जाता है।

## तापमान बढ़ने से मरीजों की बढ़ने लगी है संख्या, वायरल का बढ़ा प्रकोप

### बच्चे और बुजुर्गो पर बीमार का अधिक असर

तेज गर्मी की वजह से डिहाइड्रेशन यानि शरीर में पानी की कमी होने लगती है, जिसका खतरा बच्चों, बुजुर्गों और शुगर पेशेंट्स को ज्यादा होता है। डायबिटिक्स को तो बार-बार यूरिन के चलते डिहाइड्रेट होने का डर रहता है। यूरिन प्रॉब्लम का जिक्र हुआ है तो बता दें कि इस मौसम में कम पानी पीने वालों को यूरिन इंफेक्शन का खतरा ज्यादा होता है। पानी कम पीने से बैक्टीरिया बॉडी से बाहर नहीं निकल पाते और इंफेक्शन की वजह बनते हैं




### वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से बढ़ रहा है तापमान

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का प्रभाव खत्म होने के साथ गर्मी फिर से तेज होने लगी है। गुरूवार एवं शुक्रवार को कांकेर एवं आसपास के शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के आधे से ज्यादा शहर हीटवेव की चपेट में आ गए हैं। आने वाले दिनों में कुछ शहरों में पारा 46 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर जा सकता है, जिसमें कांकेर जिला भी शामिल है।

**ओडिशा से गांजा लाकर चारामा में करते थे बिक्री**

# ढाई लाख का गांजा एवं दो बाइक जब्त चार तस्करों को घेराबंदी करके पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कुलगांव के पास घेराबंदी कर दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवकों को कांकेर पुलिस ने दबोचा, उनके कब्जे से 5 किलो 550 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 65 हजार रुपये आंकी गई है। उड़ीसा से गांजा लाकर कांकेर जिला के चारामा क्षेत्र में पुड़िया बनाकर बेचना स्वीकार किया। पुलिस उड़ीसा के नेटवर्क को खंगालने में लग गई है। इन चारों आरोपियों को खदेड़ते हुए ग्रामीणों की मदद से दबोचा गया।

- मंचादुर में गांजे की खेती का खुलासा, एक गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि केशकाल की ओर से दो बाइकों में कुछ लोग भारी मात्रा में गांजा लेकर कांकेर की ओर आ रहे हैं। जानकारी मिलते ही कांकेर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस प्रतीक बनसोड़े ने पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के संज्ञान में लाकर गांजा तस्करो को ▶▶| शेष पेज 12 पर



### गांजा तस्करों को भेजा गया जेल

कांकेर पुलिस चार गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली, जिसमें कोण्डागांव जिला के केशकाल थानांतर्गत जामगांव निवासी 20 वर्षीय अमन नायक पिता स्व. गणेश्वर नायक, चारामा थानांतर्गत बागडोंगरी निवासी 20 वर्षीय उमेश निषाद पिता स्व. भोलाराम निषाद, बागडोंगरी निवासी 24 वर्षीय लोमन साहू पिता लीलाधर साहू और कोरर थानांतर्गत पोटगांव निवासी 45 वर्षीय भुनेश्वर कुर्रे पिता शिवचरण कुर्रे शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे यह गांजा उड़ीसा के कसकोबा क्षेत्र से किसी तस्कर से खरीदकर लाए थे। उनका इरादा इसे स्थानीय स्तर पर पुड़िया बनाकर बेचने और चारामा क्षेत्र के एक अन्य व्यक्ति को सप्लाई करने का था।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

कांकेर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजे के अलावा तस्करी में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन और नगदी भी जब्त किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## मचांदुर में गांजा के पौधे और सूखा गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

चारामा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मचांदुर में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा के पौधे और सूखा गांजा बरामद किया है। पुलिस को जानकारी मिली कि सड़कपारा निवासी डमरू सिंह अपने घर की बाड़ी में अवैध रूप से गांजे की खेती कर रहा है और बिक्री के लिए इसे संग्रहित कर रखा है।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदेही डमरू सिंह को हिरासत में लिया। आरोपी की सहमति से उसके घर और बाड़ी की तलाशी ली गई, जहां दीवार के पास गांजे के 6 हरे पौधे लगे मिले। साथ ही एक सफेद कपड़े के थैले में प्लास्टिक की झिल्ली के भीतर सूखा गांजा भी बरामद हुआ। तौल करने पर पौधों का कुल वजन जड़ व मिट्टी सहित 605 ग्राम तथा सूखे गांजे का वजन 280 ग्राम पाया गया। इस तरह कुल 885 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया, ▶▶| शेष पेज 12 पर

## अज्ञात ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार युवतियों की हालत गंभीर

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। गुरुवार सुबह एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही ने दो युवतियों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। नारायणपुर-भानुप्रतापपुर मार्ग पर हुए इस हादसे ने राहगीरों को दहला दिया और इलाके में दहशत का माहौल बना दिया।



जानकारी के अनुसार ग्राम तुमरीटोला निवासी 28 वर्षीय सतवन हुर्रा, जो एक बैंक में कार्यरत हैं, अपनी परिचित उषा नरेटी के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 24 वाय 0503 पर सवार होकर नारायणपुर से भानुप्रतापपुर लौट रही थीं। गुरुवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे, जैसे ही वे नारायणपुर स्थित शीतला मंदिर के पास पहुंचीं, सामने से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवतियां सड़क पर दूर जा गिरीं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे में सतवन हुर्रा के दोनों पैरों ▶▶| शेष पेज 12 पर

# भानुप्रतापपुर नपं में सियासत चरम पर, आरोप-प्रत्यारोप के बाद मामला थाने में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

कांग्रेस पार्षद विजय धामेचा द्वारा वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद राजकुमार यादव से हुई बातचीत का एक ऑडियो वायरल किया गया। वायरल ऑडियो में पार्षद अपने वार्ड में नाली सफाई की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए सुनाई देते हैं और यह स्वीकार करते हैं कि हालात ऐसे हैं कि उन्हें खुद ही नालियां साफ करनी पड़ रही हैं। इस ऑडियो के सामने आने के बाद नगर



पंचायत की व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

भाजपा समर्थित पार्षदों ने इस पूरे घटनाक्रम को अलग नजरिए से पेश करते हुए पलटवार किया है। 23 अप्रैल को आयोजित विशेष परिषद बैठक के दौरान हुए घटनाक्रम का हवाला देते हुए उन्होंने वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद विजय धामेचा पर बैठक की गरिमा भंग करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार बैठक में 8 एजेंडों पर चर्चा प्रस्तावित थी, लेकिन बैठक शुरू होने से पहले ही पार्षद धामेचा ने आय-व्यय और 10 महीनों के मानदेय की जानकारी की मांग करते हुए विरोध जताया। भाजपा समर्थित पार्षदों का आरोप है कि अध्यक्ष द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने को कहने पर धामेचा ने उच्च स्वर में आपत्ति जताई, अपशब्दों का प्रयोग किया और सभा कक्ष से बाहर निकल गए। इस घटना के बाद उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना सहित अन्य पार्षदों ने ▶▶| शेष पेज 12 पर






# जिले में अवैध ईंट भट्टों का संचालन राजस्व और पर्यावरण को नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के ग्रामीण इलाकों में खनिज व राजस्व विभाग की बिना अनुमति के लाल ईंट बनाने का अवैध कारोबार तेजी से फैल रहा है। बीते चार महीने से यह काम बिना रोकटोक के चल रहा है। सिंचाई के लिए लगे पावर पंप से भारी मात्रा में पानी का दोहन हो रहा है। इसके बावजूद खनिज और राजस्व विभाग ने अब तक इन अवैध ईंट भट्टों पर कार्रवाई नहीं कर रही है।

- ग्रामीण क्षेत्रों में खनिज व राजस्व विभाग की बिना अनुमति बेखौफ चल रहे कारोबार

जिले के सभी तहसीलों में मिलाकर लगभग 300 से ज्यादा ईंट भट्टे चल रहे हैं। कई भट्टे तो नदी किनारे की मिट्टी काटकर ईंट को बनाने में डटे हुए है। खनिज विभाग और राजस्व विभाग के द्वारा सक्रियता नही बरते जाने के कारण ईंट बनाने का अवैध खेल जोरों पर चल रहा है। विभाग के पास यह जानकारी नहीं है कि तहसील में कहाँ कहाँ पर यह अवैध काम चल रहा है।

अवैध भट्ठों से निकलने वाले धुएं से ग्रामीणों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। धुएं से शाम के समय गांव का वातावरण धूल और धुएं से भर जाता है। लोगों को सांस लेने में तकलीफ होती है। पर्यावरण पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। इसके बावजूद जिला प्रशासन ने अब तक कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किया, वहीं ग्राम पंचायत ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। अवैध कारोबार जिले के हर गांव में फैलता जा रहा है।

इससे ग्रामीण नागरिक परेशान हैं। लोगों की सेहत के साथ पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। जांच के नाम पर संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी औपचारिक रुप से ही कार्रवाई कर रहे है। अब तक किसी भी भट्ठा संचालक के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। जंगल से अवैध लकड़ी काटकर लाल ईंट को पकाया जा रहा है। जिला मुख्यालय के आसपास दसपुर, कोड़ेजुंगा, मालगांव, कुलगांव तांबापारा, खपरापारा, मुड़पार, कोकड़ी, नारा, कुरना, बागोड़, जुनवानी, अमोड़ा, नवागांव, कोदागांव, कृष्टिकुर, देवरी समेत कई गांव में लाल ईट के बड़े पैमाने पर भट्ठे लगाए गए हैं। कार्रवाई नहीं होने का नतीजा है कि जिले में बेखौफ होकर ▶▶| शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप

### पखांजूर के दिव्यांग मूल्यांकन शिविर से 27 लाभान्वित हुए



**कांकेर।** जिले में दिव्यांगजनों के मूल्यांकन शिविर का आयोजन कलेक्टर निलेश कुमार महादेव श्रीरसागर निर्देशानुसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में पखांजूर के गैंदसिंह भवन में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दिवयांगजनों का प्रमाणीकरण के साथ ही यूडीआईड कार्ड बनाए गए एवं सहायक उपकरण का वितरण किया गया। शिविर में 15 दिव्यांगजनों का मेडिकल, 6 नवीनीकरण, 2 व्हील चेयर, 1 श्रवण यंत्र, 2 बैशाखी, 1 सीपी चेयर, 1 ट्रायसायकल, 1 बेटरी सायकल इस प्रकार कुल 27 हितग्राही को सहायक उपकरण वितरण किया गया तथा 03 हितग्राहियों का पेंशन प्रकरण बनाए गए।

### पीएम आवास 30 तक करें पूरा, पंचायतों में तीन कार्य अनिवार्य



**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में आयोजित समीक्षा बैठक में सीईओ सुरेंद्र बंजारे ने अधिकारियों और पंचायत सचिवों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सभी लंबित लक्ष्य 30 अप्रैल तक हर हाल में पूर्ण किए जाएं और अधूरे आवासों का निर्माण तेजी से कराया जाए। बैठक में 1 मई से शुरू होने वाले बस्तर मुन्ने कार्यक्रम की तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। सीईओ ने निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में स्थानीय संस्कृति, परंपरा और जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। ग्राम सभाओं को लेकर भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक ग्राम सभा में कम से कम तीन सामुदायिक कार्यों के प्रस्ताव अनिवार्य रूप से पारित किए जाएं। सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता और सामुदायिक भवन जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। इसके अलावा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए सीईओ ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## निधन

### हीरमोतीन बाई



**धनेलीकन्हार।** ग्राम कोकड़ी निवासी 72 वर्षीय हीरमोतीन बाई सेन पति नरोत्तम सिंह शांडिल्य का 23 अप्रैल को आकस्मिक निधन को हो गया, जिसकी अंतिम यात्रा 24 अप्रैल को किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, ग्रामीण व समाजजन शामिल हुए। वे कुबेर शांडिल्य व ललिता कौशिक की मां और कौशल शांडिल्य, प्रदुमन शांडिल्य और प्रभु राम शांडिल की बड़ी भाभी थी।

# बस्तर मुन्ने कार्यक्रम से हर पात्र तक पहुंचेगा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में शासकीय योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित बस्तर मुन्ने कार्यक्रम को लेकर जनपद पंचायत बड़ेराजपुर में नोडल अधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और शत–प्रतिशत संतृप्तिकरण सेच्युरेशन पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि एनसीईआर सर्वेक्षण के तहत नियद नेल्लानार अभियान में चिन्हित 31 योजनाओं से वंचित परिवारों को इस कार्यक्रम के माध्यम से जोड़ा जाएगा। लक्ष्य है कि जिले का कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत, क्लस्टर एवं विकासखण्ड स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वेक्षण जारी है, संभावित हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जा रहा है, पात्रता के आधार पर योजनाओं का त्वरित लाभ दिया जाएगा।

## बड़ेराजपुर जनपद पंचायत में समीक्षा बैठक आयोजित

### पांच चरणों में चलेगा पूरा अभियान

कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए इसे पांच चरणों में लागू किया जा रहा है प्रथम चरण ग्राम पंचायतों को योजनावार लक्ष्य, पात्रता मापदंड, दस्तावेज एवं प्रचार सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। द्वितीय चरण ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर पात्रता परीक्षण एवं योजनाओं का लाभ वितरण किया जाएगा। छूटे परिवारों का भी पंजीयन होगा। तृतीय चरण ग्राम स्तर के लंबित मामलों का क्लस्टर स्तर पर समाधान किया जाएगा। चतुर्थ चरण विकासखण्ड स्तर पर जिला अधिकारियों की उपस्थिति में लंबित प्रकरणों का निराकरण और शिविरों का मूल्यांकन होगा। अंतिम चरण पूरे अभियान की समीक्षा, प्रभाव का आकलन एवं थर्ड पार्टी फीडबैक लिया जाएगा।

### पंचायती राज दिवस से ग्राम सभाओं में बढ़ेगी भागीदारी



24 अप्रैल पंचायती राज दिवस से एक सप्ताह तक ग्राम सभाओं का आयोजन कर गांवों के लिए तीन प्रमुख सामुदायिक कार्यों का चयन किया जाएगा, जिन पर आगे स्वी—ति लेकर अमल किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाएं और जिले के समग्र विकास को गति दें। बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के माध्यम से कोंडागांव जिले में योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में एक मजबूत पहल देखने को मिल रही है।

## बैठक : प्रधान जिला न्यायाधीश खिलावन राम रिगरी की अध्यक्षता में बैठक

# नेशनल लोक अदालत में अधिकतम मामलों के निराकरण की रणनीति बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को अधिक प्रभावी और परिणामदायी बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खिलावन राम रिगरी ने की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान नोटिस जारी करने की प्रक्रिया, ऋण समझौते, बकाया प्रकरणों के निपटारे जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह तय किया गया कि नगरपालिका परिषद में लंबित जल कर, मकान कर, दुकान कर सहित अन्य करों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता से लोक अदालत में रखा जाएगा। इसके साथ ही दूरसंचार विभाग के बिल वसूली प्रकरण तथा बैंकों के प्री–लिटिगेशन मामलों को भी अधिक से अधिक संख्या में राजीनामा के माध्यम से निपटाने की योजना बनाई गई।



### प्री–लिटिगेशन मामलों को शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्री–लिटिगेशन प्रकरणों को शीघ्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर पक्षकारों के बीच प्री–सिटिंग की कार्यवाही पूरी की जाए, ताकि लोक अदालत में उनका त्वरित निराकरण हो सके। इस बैठक से स्पष्ट है कि कोंडागांव में नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रशासन और विभागों के बीच मजबूत समन्वय स्थापित किया जा रहा है, जिससे आम जनता को त्वरित न्याय मिल सके। बैठक में समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ–साथ नगरपालिका, दूरसंचार विभाग एवं विभिन्न बैंक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया।

### थाना प्रभारियों की बैठक संपन्न



कोण्डागांव। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी की अध्यक्षता में सभी थाना प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चन्द्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु. गायत्री साय सहित जिले के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्धेश्य लोक अदालत के सफल आयोजन, लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण तथा न्यायपालिका और पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। न्यायाधीश श्री रिगरी ने कहा कि नेशनल लोक अदालत आम नागरिकों को त्वरित, सुलभ और सौहार्दपूर्ण न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। इससे न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का बोझ कम होता है और लोगों को बिना लंबी प्रक्रिया के न्याय मिल पाता है। बैठक में थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने–अपने क्षेत्रें में ऐसे लंबित प्रकरणों की सूची तैयार करें, जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से निपटाया जा सकता है। साथ ही यह भी कहा गया कि पुलिस की सक्रिय भूमिका से अधिक से अधिक मामलों का समाधान संभव है। बैठक में विशेष रूप से निम्न प्रकरणों के अधिकतम निराकरण पर जोर दिया गया आबकारी अपराध से जुड़े मामले ट्रैफिक चालान, राजीनामा योग्य सामान्य अपराध, छोटे धाराओं वाले प्रकरण, प्री–लिटिगेशन (पूर्व वाद) मामले, जनता को शीघ्र न्याय दिलाने का लक्ष्य अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि अधिक से अधिक मामलों का समाधान कर आम जनता को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराया जा सके। नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर कोंडागांव प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है, जिससे लोगों को त्वरित न्याय मिलने की उम्मीद और मजबूत हुई है।

## कलेक्टर पन्ना ने स्वयं भरा स्व-गणना फॉर्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनगणना 2027 के तहत स्व–गणना प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपना फॉर्म भरकर मकान–सूचीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की। इस पहल के माध्यम से उन्होंने जिले के नागरिकों को भी स्व–गणना में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर के साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई एवं संयुक्त निदेशक आईटी हेमंत भगत सहित कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी स्व–गणना की प्रक्रिया पूर्ण कर उदाहरण प्रस्तुत किया। जिला प्रशासन ने बताया कि जनगणना 2027 के अंतर्गत 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व–गणना की अवधि निर्धारित की गई है। इस दौरान नागरिक पोर्टल पर जाकर एसई आईडी के माध्यम से अपने मकान और परिवार से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

***1 मई से घर–घर पहुंचेगी प्रगणक टीम*** *– स्व–गणना के बाद 1 मई से 30 मई तक प्रगणकों द्वारा घर–घर जाकर मकान–सूचीकरण और जनगणना का कार्य किया जाएगा, जिससे छूटे हुए परिवारों का भी विवरण दर्ज किया जा सके। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से निर्धारित समय सीमा के भीतर स्व–गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है, ताकि जनगणना कार्य सटीक और प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके।*

## बस्तर मुन्ने के तहत ग्राम स्तर पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम, छूटे हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

▪ 31 जनकल्याणकारी योजनाओं का वंचित परिवारों को मिलेगा लाभ

**कांकेर।** जिले के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बस्तर मुन्ने (अग्रणी बस्तर) अभियान का चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आगामी 1 मई से जिले की सभी ग्राम में विशेष संतृप्तता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन एवं समाज के वंचित वर्गों तक उनका समयबद्ध लाभ के लिए बस्तर संभाग के सभी 7 जिलों में बस्तर मुन्ने अभियान के अंतर्गत संतृप्तता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मूल उद्देश्य एनसीईआर सर्वेक्षण में नियद नेल्लानार अंतर्गत 31 जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित परिवारों को शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वर्तमान अप्रैल माह में ग्राम पंचायत, क्लस्टर एवं विकासखण्ड स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके पहले चरण में हाट बाजारों एवं ग्राम पंचायतों में मुनादी, दीवार लेखन एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत को योजनाओं की सूची, पात्रता मापदंड एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी साझा की जाएगी। प्रत्येक विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा कि मैदानी अमला तक हितग्राहियों की सूची एवं योजना की जानकारी उपलब्ध हो सके। अभियान के दूसरे चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर संतृप्तता शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसके तहत एनसीईआर सर्वेक्षण, जिला सर्वेक्षण के आधार पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदाय किया जाएगा। साथ ही सर्वे में छूटे परिवारों का पंजीयन किया जाएगा। यह भी बताया गया कि पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल से एक सप्ताह तक ग्राम सभाओं का आयोजन एवं तीन प्रमुख सामुदायिक कार्यों का संकलन एवं ग्राम सभा में अनुमोदन किया जाएगा। इसके तीसरे चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों का क्लस्टर स्तर पर शिविरों का आयोजन कर समीक्षा एवं निराकरण किया जाएगा, जबकि चौथे चरण में क्लस्टर स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों का जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में विकासखण्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन कर निराकरण किया जाएगा। इसी तरह अभियान के पांचवें चरण में अंतिम समीक्षा, प्रभाव आंकलन, डेटाबेस, वेब पोर्टल एवं शिविर प्रबंधन संबंधी कार्य किया जाकर शत-प्रतिशत संतृप्ति का लक्ष्य जिला स्तर पर निर्धारण किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि व्यक्तिमूलक योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जाएगा, जिसमें बी-1 खसरा, आय प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, वय वंदना कार्ड आदि का मौके पर ही तैयार कर वितरण किया जाएगा। प्रत्येक शिविर के प्रतिभागी का पंजीयन करने के लिए प्रतिभागी पंजी संधारित की जाएगी, जिसमें आवश्यक जानकारी एंट्री कर रखा जाएगा।

## तालाकुर्रा के पंचायत राज दिवस पर हुई ग्रामसभा में योजनाओं की दी जानकारी



**कांकेर।** ग्राम पंचायत तालाकुर्रा अंतर्गत पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया। ग्राम सभा में सचिव मुन्ना लाल यदु द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस दौरान पंचायती राज अधिनियम के तहत मिलने वाली विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। उपस्थित ग्रामीणों को बताया गया कि पात्र हितग्राहियों को किस प्रकार योजनाओं का लाभ दिया जाता है।

आगामी 1 मई से प्रारंभ होने वाले बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के बारे में भी ग्रामीणों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को राशन कार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, महतारी वंदन योजना, जाति-निवास प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु पंजीयन, फौती नामांतरण सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त वर्ष 2027 की जनगणना के संबंध में भी आवश्यक जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में दो अतिरिक्त कक्ष एवं प्रार्थना शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन भी किया गया।

इस अवसर पर सरपंच विनोद रावटे, उपसरपंच जितेन्द्र साहू, ग्राम पटेल जोगीराम नुरेटी, संजय जैन, नारायण सिंह जैन, प्राचार्य शुभेष मिश्रा, दयाराम सलाम, कुंवरलाल उइके, चंद्रभान मरकाम, धनेश्वरी रावटे, रामकुमारी भुआर्य, अश्वनी सोनी, शिवप्रसाद यदु, धुर्व कुमार साहू, तुकाराम कुलदीप, समारु राम कुलदीप सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## संपूर्णता अभियान 2.0 का समापन : प्रगति की समीक्षा स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण



**कोण्डागांव।** आकांक्षी जिला कोंडागांव के आकांक्षी ब्लॉक माकड़ी में संपूर्णता अभियान 2.0 की अंतरिम समीक्षा बैठक सह समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत माकड़ी के सीईओ गजेंद्र धुरडे ने की। बैठक में 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक संचालित अभियान की गतिविधियों के आधार पर विभिन्न विभागों के प्रमुख इंडिकेटर्स की उपलब्धियों और प्रगति की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान नीति आयोग के कंसल्टेंट संतोष कुमार सितारे, माइक्रोसेव के प्रतिनिधि खगेन्द्र कुमार तथा पीरामल फाउंडेशन से प्रदीप राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अभियान के सफल संचालन के लिए सभी विभागों एवं सहयोगी संस्थाओं के योगदान की सराहना की गई और उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। अधिकारियों ने अभियान की उपलब्धियों पर संतोष जताते हुए सत्र का औपचारिक समापन किया। बैठक के पश्चात अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ी का निरीक्षण किया। इस दौरान जच्चा–बच्चा स्वास्थ्य सेवाएं, गर्भवती महिलाओं की स्थिति, कुपोषित बच्चों की देखभाल सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया।

**समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास का संकल्प** – कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भविष्य में भी बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया। संपूर्णता अभियान 2.0 के समापन के साथ ही कोंडागांव जिले में विकास कार्यों की गति को और मजबूत करने की दिशा में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है।

## स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित रहा आयोजन

# गुण्डाधुर महाविद्यालय में मनाया गया पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस के अवसर पर भूगोल विभाग द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखते हुए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, मॉडल प्रदर्शनी, पीपीटी प्रेजेंटेशन, वाद–विवाद तथा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने स्वच्छ पर्यावरण, प्लास्टिक मुक्त जीवन, कचरा प्रबंधन और हरित वातावरण जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भूगोल विभागाध्यक्ष समलेश पोटाई द्वारा किया गया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. पुरोहित कुमार सोरी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में शशिभूषण कन्नौजे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जन्तु शास्त्र विभागाध्यक्ष शोभा राम यादव उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने मारी बाजी** – रंगोली प्रतियोगिता निकिता साहू प्रथम, ज्योति मानिकपुरी द्वितीय, दीपिका कुलदीप तृतीय, मॉडल प्रदर्शनी तनु नागेश प्रथम, नंदनी देवांगन द्वितीय, भूपेंद्र तृतीय, वाद–विवाद प्रतियोगिता राजबत्ती मंडावी प्रथम, कुसुम कोर्राम द्वितीय, अमरबत्ती मरकाम तृतीय, पोस्टर मेकिंग पुष्पलता मरकाम प्रथम, भूमिका मंडावी द्वितीय, निहारिका कश्यप तृतीय, प्रश्न मंच प्रतियोगिता रेणुका ठाकुर प्रथम, अविता पोटाई द्वितीय, परमेश्वरी तृतीय।

**विद्यार्थियों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ** – कार्यक्रम का संचालन कुसुम पांडे एवं हरिचंद्र नेताम ने किया। आभार प्रदर्शन भूगोल विभाग के अतिथि व्याख्याता जगतू राम नेताम ने किया। कार्यक्रम के अंत में एम.ए. भूगोल के विद्यार्थी सहेरा, ताहेरा, उमेश्वरी, लखेश्वरी, देवन्तीन, श्वेता पटेल, अजीत, नागेश, काजल एवं मेंगोती ने सभी को स्वच्छता बनाए रखने और पृथ्वी संरक्षण के लिए शपथ दिलाई।

## पेज 11 के शेष...

### ढाई लाख का गांजा...

दबोचने टीम को कुलगांव रवाना किया गया। कुलगांव में दो संदिग्ध मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 6663 और सीजी 19 बीयू 2899 को रोका गया और तलाशी लिया गया। तलाशी के दौरान एक सफेद बोरी और गुलाबी थैले में छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही लैपटॉप और प्रिंटर की सहायता से आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई पूरी की, वहीं ई-साक्ष्य के तहत वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी की गई।

### मचांदुर में गांजा के...

जिसकी अनुमानित कीमत करीब 48,500 रुपए आंकी गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी डमरू सिंह ने स्वीकार किया कि मेरा बेटा बिरेन्द्र सिंह राजपूत बागडोंगरी निवासी डोमन लाल साहू से गांजा खरीदकर लाता है और पुड़िया बनाकर इसे बेचते हैं। बागडोंगरी निवासी डोमन लाल साहू स्वंय गांजा छोड़ने आता था। आरोपी सड़कपारा मचांदुर निवासी 69 वर्षीय डमरू सिंह पिता स्व. सुंदर सिंह और मचांदुर निवासी 42 वर्षीय विरेन्द्र सिंह पिता डमरू सिंह को पकड़ा गया। आरोपियों खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

### अज्ञात ट्रक की ठोकर...

और कंधे में गंभीर चोटें आई हैं, वहीं उषा नरेटी के सीने और पसलियों में अंदरूनी चोटें बताई जा रही हैं। चिकित्सकों के अनुसार, दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी औरपीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 125 (ए) और 281 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी वाहन और चालक की तलाश में जुटी हुई है।

### भानुप्रतापपुर नपं में सियासत चरम...

थाना भानुप्रतापपुर में आवेदन देकर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद राजकुमार यादव ने भी इस मामले में नया मोड़ लाते हुए विजय धामेचा पर बिना अनुमति मोबाइल कॉल रिकॉर्ड कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा है कि उनकी छवि धूमिल करने और उन्हें धमकाने के उद्धेश्य से बातचीत को सार्वजनिक किया गया है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर पंचायत में चल रहे इस घटनाक्रम ने स्थानीय राजनीति को पूरी तरह गरमा दिया है। एक ओर कांग्रेस पार्षद आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा समर्थित पार्षद भी खुलकर विरोध में उतर आए हैं। भीषण गर्मी के बीच जहां आम जनता मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी और सफाई से जूझ रही है, वहीं सियासी तापमान भी लगातार बढ़ता जा रहा है।

### जिले में अवैध ईंट भट्ठों का...

लाल ईट के भट्ठे लग रहे हैं और शहर में सप्लाई भी हो रही है। जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि कांकेर जिला में लाल ईंट बनाने के लिए एक भी भट्टा संचालक को खनिज विभाग के द्वारा अनुमति नहीं दी गई है। अवैध ढंग से संचालित ईट भट्टो के संचालित होने की जानकारी मिलने पर नियमानुसार कर्रावाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा में निर्देशों का पालन करना अनिवार्य

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ व्यापंम द्वारा दिशा-निर्देश जारी किया गया है। हालांकि यह परीक्षा प्रदेश के चुनिंदा 16 जिलों में आयोजित की जा रही है, लेकिन इसमें सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा की समय-सारणी के अनुसार यह लिखित परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक संचालित होगी। सुरक्षा और सत्यापन की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 2 घंटे पहले केंद्र पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। ताकि उनकी सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) और फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से मिलान किया जा सके। समय की पाबंदी को लेकर निर्देश अत्यंत सख्त हैं। परीक्षा केंद्रों का मुख्य द्वार ठीक सुबह 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा और इसके बाद पहुंचने वाले किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### रचनात्मक एवं मनोरंजक स्पर्धा में बच्चे हुए शामिल



**भानपुरी।** कारितास इंडिया अंतर्गत संचालित खुशहाल बचपन परियोजना के तहत कावड़गांव क्लस्टर के चेराकुर, गोंदियापाल, बासपानी, जाटनपाल, गुरिया, कावड़गांव, गुमगा एवं कुगारपाल गांवों में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना तथा अवकाश के समय का सदुपयोग सुनिश्चित करना था। समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए मेहंदी प्रतियोगिता, चित्रकला, खेलकूद, कहानी वाचन, म्यूजिक गतिविधि एवं दौड़ प्रतियोगिता जैसी विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की माया यादव, ग्राम के सरपंच, शिक्षकगण, पालकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन दीदी साथ ही परियोजना के जिला कार्यक्रम से अवधेश कुमार, सीई एवं एकेडमिक मेंटर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर के परीक्षा परिणाम घोषित



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में व्यवसाईं स्वरूप सुराना, पटवारी कृष्णा राम बघेल, विद्यालय समिति के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता उपस्थित रहे। मां भारती, सरस्वती, ओम के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके पश्चात कक्षा अरुण से नवम तक के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। जिसमे अरुण कक्षा मे प्रथम कुमारी आइसा, उदय कक्षा में प्रथम वेणु नाग, प्रथम कक्षा में कुमारी आकृति सिंह, द्वितीय कक्षा में विद्या चंद्रवंशी, तृतीय कक्षा में अभिमन्यु गुप्ता, चतुर्थ कक्षा में आकाश सोढ़ी, षष्टम कक्षा में कुमारी प्रियंका पटेल, सप्तम कक्षा में कुमारी खुशी चंद्राकर, नवम कक्षा में चांदनी नाग प्रथम स्थान पर रहे।

---

नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य समापन

# इंद्रावती नदी से जल लाकर कलश यात्रा निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम पंचायत गोल्लागुड़ा में नवनिर्मित मां दुर्गा मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस आयोजन में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

कार्यक्रम के दौरान मंडपाच्छादन, कलश यात्रा एवं विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा जैसे प्रमुख धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं देखी गई। इंद्रावती नदी से पवित्र जल लाकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई,







जिसमें महिलाओं की विशेष सहभागिता रही। लगभग 4 किलोमीटर दूर से जल लाकर श्रद्धालुओं ने जयकारों के बीच मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसी पवित्र जल से मां दुर्गा का अभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते मंदिर परिसर छोटा पड़ गया। व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा भारी वाहनों के रूट को डाईवर्शन किया गया। जिससे कार्यक्रम निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सका। ब्लॉक के लगभग सभी पंचायतों से श्रद्धालु शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान पंडित श्रीधर शर्मा, सुरेश बाबू, महिंदर शर्मा, आदित्य शर्मा, गणेश शर्मा एवं रोहित शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। तीन दिनों तक चले इस आयोजन के दौरान गांव में मेले जैसा वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं के लिए तीन दिनों तक भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मां दुर्गा के साथ-साथ नवग्रह देवताओं की भी स्थापना की गई। भोपालपटनम क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को पांच प्रमुख मंदिरों के दर्शन का लाभ मिलेगा जिनमें शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, बालाजी स्वामी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर तथा निमार्णाधीन मां बम्लेश्वरी मंदिर शामिल हैं।

धार्मिक मान्यता है कि एक साथ पांच मंदिरों में दर्शन करने पर भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का भी संदेश देकर गया।

---

दोरनापाल में शहीद स्मारक का लोकार्पण

# डीआईजी सहित कई अधिकारियों ने वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

जिले के दोरनापाल के बुरकापाल घटना में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में निर्मित शहीद स्मारक का लोकार्पण किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित ने कहा कि शहीद जवानों का बलिदान देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इन वीरों का साहस और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

■ जवानों का बलिदान देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक





सुकमा जिले के दोरनापाल स्थित 74वीं बटालियन मुख्यालय में वर्ष 2017 की बुरकापाल घटना में शहीद हुए वीर जवानों की पावन स्मृति में निर्मित शहीद स्मारक का लोकार्पण शुक्रवार को एक गरिमामय समारोह के साथ किया गया। यह स्मारक उन वीर जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को सदैव स्मरण रखने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।इसके पश्चात डीआईजी सुकमा आनंद सिंह राजपुरोहित, कमांडेंट हिमांशु पांडे एवं कमांडेंट कुमार मयंक ने बुरकापाल पहुंचकर घटनास्थल के समीप स्थित स्मारक पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी सुकमा आनंद सिंह राजपुरोहित उपस्थित रहे। उनके साथ 74वीं बटालियन के कमांडेंट हिमांशु पांडे सहित 159, 223 एवं 226 बटालियन के अधिकारी और बड़ी संख्या में जवान मौजूद रहे। डीआईजी राजपुरोहित ने पूजा-अर्चना एवं औपचारिक प्रक्रिया के साथ शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित ने कहा कि शहीद जवानों का बलिदान देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इन वीरों का साहस और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि नक्सलियों से मुक्ति दिलाने में सभी जवानों ने अंतिम सांस तक ज़ंग लड़ी, नतीजन आज नक्सल मुक्त क्षेत्र हो गया।

### नक्सल मुक्ति में जवानों की अहम भूमिका

इस अवसर पर वर्ष 2017 की बुरकापाल घटना को नम आँखों से याद करते हुए डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित ने बताया कि एक समय क्षेत्र में नक्सलवाद अपने चरम पर था और दोरनापाल से जगरगुंडा मार्ग निर्माण के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाते थे। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा घात लगाकर किए गए एंबुश में कई वीर जवान शहीद हो गए थे। जगरगुंडा मार्ग के निर्माण में अनगिनत जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी, जिसके परिणामस्वरूप आज सुकमा जिला नक्सलमुक्ति की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर पाया है।

### राष्ट्र सेवा के लिए रहे सदैव तत्पर


समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जवानों ने शहीदों के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ किया गया।

### भावुक हुआ समारोह

लोकार्पण के पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने शहीदों को सलामी दी। पूरे समारोह के दौरान वातावरण अत्यंत भावुक और श्रद्धामय रहा। शहीदों की अमर स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

---

# शहर के भीतर ही कार्यों में खुलेआम गड़बड़ी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा नगरपालिका में इन दिनों निर्माण कार्य बेलगाम हो चुका है। कमीशनखोरी के आगे गुणवत्ता इन दिनों नतमस्तक है। आलम यह है कि वर्षों से भ्रष्टाचार में लिप्त नपा के सब इंजीनियर को वार्ड क्रं. 3 में हुए निर्माण कार्य की न ठेकेदार की जानकारी है और न ही लागत की।

नक्सल मुक्त बस्तर के बाद बीहड़ो में जहां प्रशासनिक कसावट देखने को मिल रही है तो दूसरी ओर शहर के भीतर ही गुणवत्ता तार-तार हो रही है। आलम यह है कि ठेकेदार द्वारा संपादित कार्य स्वयं नपा अध्यक्ष के गृह वार्ड में ही आईना दिखा रही है।

■ नप अध्यक्ष के ही वार्ड में घटिया सीसी सड़क निर्माण

नगर पालिका परिषद इन दिनों भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियों में है। एक ओर जहां प्रदेश की विष्णुदेव सरकार विकास कार्यों को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति बना रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। नगर पालिका अध्यक्ष के वार्ड नंबर 3 में चल रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य ने पूरे इलाके में आक्रोश और असंतोष की लहर पैदा कर दी है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता और मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। लोगों में चर्चा है कि कुछ लोग जानबूझकर सरकार को बदनाम करने के प्रयास में है।

### उपयोग होना था 20 एमएम

नपा के वार्ड क्रं. 03 में चल रहे सीसी निर्माण कार्य स्थल पर बड़े-बड़े पत्थरों और बोल्डरों का इस्तेमाल कर सड़क की नींव तैयार की जा रही है, जिसे ऊपर से मात्र सीमेंट की पतली परत डालकर पूरा दिखाया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार इस प्रकार का निर्माण लंबे समय तक टिकाऊ नहीं होता और कुछ ही महीनों में टूट-फूट की स्थिति पैदा हो सकती है।

### निर्धारित मापदंड का उपयोग नहीं

नपा के द्वारा संपादित सीसी सड़क निर्माण कार्य जमीनी हकीकत ने पोल खोल दी है। जब इस निर्माण कार्य का जायजा लिया गया तो कई चैंकाने वाले तथ्य सामने आए। सड़क की मोटाई और मजबूती को लेकर निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है। कई स्थानों पर बिना उचित लेवलिंग और बेस तैयार किए सीधे क्रांकीट डाल दिया गया है। इससे न केवल सड़क की गुणवत्ता प्रभावित होती है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। तकनीकी जानकारों का कहना है कि मौके पर वायब्रेटर होना चाहिऐ साथ ही मसाले की मात्रा भी निम्न स्तर की बताई जा रही है।

### वर्षों से जमे हैं सब इंजीनियर

नगरपालिका सुकमा में पदस्थ सब इंजीनियर सौरव कश्यप की कार्यप्रणाली हमेशा चर्चा में रही है। नपं दोरनापाल तथा नपा सुकमा में संयुक्त रूप से कार्य कर रहे उक्त अधिकारी पूर्व से ही विवादों में रहे है। सूत्रों की माने तो उक्त के द्वारा माप पुस्तिका में सड़कों की लंबाई ज्यादा बताकर शासन को करोड़ों का चुना लगाया गया है।

### पता करना पड़ेगा : सौरभ

नगर पालिका सुकमा में पदस्थ सब इंजीनियर सौरभ कश्यप से जब वार्ड क्रं. 03 में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी चाही गई तो उन्होंने अनिभिज्ञता जताते हुए पता करने की बात कही। ज्ञात हो कि सुकमा नपा में वर्तमान में आधा दर्जन ही निर्माण कार्य प्रगति में है बावजूद एक जिम्मेदार अधिकारी को शहर में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी न होना कई सवालों को जन्म देता है।

---

# सुशासन के बहाने जनता के जख्मों पर फिर उत्सव का मरहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

प्रदेश सरकार द्वारा एक बार फिर सुशासन त्योहार मनाने की तैयारियों के बीच उपनेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए प्रहार किया है। जब पिछले वर्ष आम जनता से लिए गए हजारों आवेदनों का आज तक संतोषजनक निराकरण नहीं हो पाया, तब पुनः उसी प्रक्रिया को दोहराना केवल औपचारिकता, दिखावा और राजनीतिक प्रचार से अधिक कुछ नहीं है। विधायक ने कहा कि बीते वर्ष गांव-गांव में शिविर लगाकर अधिकारियों द्वारा बड़ी संख्या में आवेदन लिए गए थे उस समय जनता को भरोसा दिलाया गया था कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा, लेकिन आज अधिकांश आवेदन फाइलों में धूल खा रहे हैं और आमजन अपने ही अधिकारों के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।। उन्होंने कहा कि नल-जल योजना का अधूरा क्रियान्वयन, वन अधिकार पट्टा वितरण में देरी, वृद्धा पेंशन के लंबित प्रकरण, राजस्व मामलों का निराकरण, सड़क, बिजली और आवास जैसी मूलभूत समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने पूरे विश्वास के साथ अपनी समस्याएं शासन तक पहुंचाई थीं, लेकिन समाधान के अभाव में उनका विश्वास लगातार कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट सवाल उठाये हैं कि आखिर पिछले वर्ष प्राप्त आवेदनों का लेखा-जोखा कौन देगा कितने आवेदनों का निराकरण हुआ, कितने अब भी लंबित हैं और कितनों को केवल आश्वासन देकर टाल दिया गया। यह पारदर्शी जानकारी सरकार को सार्वजनिक करनी चाहिए। सुशासन केवल आयोजन, मंच, माइक और प्रचार तक सीमित नहीं हो सकता वास्तविक सुशासन वही है जिसमें जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो यदि सरकार सचमुच सुशासन के प्रति गंभीर है, तो पहले पुराने लंबित मामलों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करे।

### महतारी वंदन योजना की राशि नहीं मिल रही



विधायक ने कहा कि महिलाओं को मिलने वाली महतारी वंदन योजना के अंतर्गत कई हितग्राहियों को राशि नहीं मिल रही है। ई-केवाईसी की प्रक्रिया भी सुचारू नहीं है। छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है, जिससे गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं किसानों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कई किसान धान नहीं बेच पाए, जिससे वे ऋणी हो गए हैं और अब कर्ज चुकाने की चिंता उन्हें सताने लगी है। बस्तर क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जनता बिजली की आंख-मिचौली से परेशान हो चुकी है। बार-बार बिजली बाधित होने से आम नागरिकों के साथ किसान भी भारी संकट झेल रहे हैं। खराब ट्रांसफार्मर समय पर नहीं बदले जा रहे, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस्तर क्षेत्र के कई इलाकों में फ्लोराइड युक्त पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है, लेकिन सरकार इसके समाधान के लिए कोई ठोस कार्ययोजना बनाती नजर नहीं आ रही है।

---

### जनगणना प्रशिक्षण के अंतिम दिन कलेक्टर का निरीक्षण



**दंतेवाड़ा।** जिले के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा में आयोजित जनगणना 2027 के तृतीय चरण के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आज अंतिम दिवस रहा। इस अवसर पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षण में शामिल प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करें ताकि जनगणना प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने जनगणना कार्यों में आवश्यक गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि एकत्रित की जाने वाली जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है।

---

# चाकू दिखाकर गुण्डागर्दी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट थाना क्षेत्र में चाकू दिखाकर लोगों को डराने धमकाने के दो अलग मामले में पिड़िताओं की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

चाकू दिखाकर महिलाओं को डराने धमकाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित किया गया था। गुण्डागर्दी करने वालों के खिलाफ पहली कार्रवाई में आरोपी संजू श्रीवास्तव 19 वर्ष निवासी नयामुण्डा बलिराम कश्यप वार्ड को गिरफ्तार किया गया। मामले में पिड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पुत्र संजू श्रीवास्तव नशे का आदि है वह रोजाना नशे के हालत में आकर अपने माता पिता से अश्लील गाली गुप्तार कर धमकी देते रहता है। घटना दिनांक को भी आरोपी पुत्र नशा करके देर रात को घर आया इसी बात को लेकर मां के द्वारा डांटने पर वह गुस्सा होकर पीड़िता को अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे स्टील के धारदार चाकू को दिखाते हुए लहरा कर प्राथीर्या को धमकाया।

---

### राजस्व मामले में नोटिस

न्यायालय - अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
पखांजूर तहसील - पाखंजूर जिला-कांकेर
राजस्व प्रकरण क्रमांक -202601140300003
मामले का विषय -अ-27 (विवादित खाता विभाजन)
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार गोलक बैरागी,
अनावेदक पक्षकार - हिरामान बैरागी, बिरेन्द्र बैरागी, श्रीमती कनिका बैरागी, सुबीर बैरागी, प्रबीर बैरागी,

**भूमि का विवरण जिसके संबंध मे विवाद विचारधीन है**

जिला-कांकेर तहसील-पाखंजूर प.ह.नं.-00001 ग्राम (खसरा (रकबा)। रविन्द्रनगर आवेदक/ अनावेदक/ गवाह जिसे नोटिस जारी किया जा रहा है नाम - श्रीमती कनिका बैरागी पिता स्व. धीरेन्द्र बैरागी, पता-निवासी ग्राम पी.व्ही.17 रविन्द्रनगर तहसील पखांजूर जिला उत्तर बस्तर कांकेर।

आपको सूचित किया जाता है की उपयुक्त मामले के सुनवाई की तारीख -29/04/2026 दिन के 11 बजे, स्थानः अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पखांजूर पर होगी विषयः न्यायालय में उपस्थिति हेतु नियत।

नोटिस दिनांक-16/04/2026

नोटिस क्रमांक-023

राजस्व अधिकारी- (TIKA RAM DEWANGAN)
पदनाम-(अनुविभागीय अधिकारी (रा)
पृष्ठांकन क्रमांक 1 बुलाये गए व्यक्ति के हस्ताक्षर
पृष्ठांकन क्रमांक 2 तारीख करने संबंधी पृष्ठांकन तारीख- / / / को मेरे द्वारा तामील किया गया।

मुहर

तामील करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर

Satya TRUCKING PVT. LTD.
आवश्यकता है
**बिजनेस एक्जीक्यूटीव**
योग्यता - ग्रेजुएशन,
स्थान- रायपुर (1 पद), नारायणपुर (1 पद), डोंगरगढ़ (1 पद), दल्ली राजहरा (1पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
**रिटेल फायनेंस मैनेजर**
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
**कस्टमर केयर मैनेजर**
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
**इलेक्ट्रीशियन+मैकेनिक**
योग्यता - आईटीआई/डिप्लोमा
स्थान : रायपुर - 15 पद, राजनांदगांव-4 पद
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं।
अपना अपडेटेड रेज्यूम भेजें
noman.sinha@teamsatya.in
या कॉल करें
7748900111, 9098750248
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आवासीय खेल अकादमी में प्रवेश का मौका 27 तक

**कांकेर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर में स्थित आवासीय खेल अकादमी में हॉकी, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, एथलेटिक्स बालक-बालिका एवं फुटबॉल बालिका के नवीन खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जाना है, इसके लिए चयन ट्रायल आयोजन किए जाएंगे। इसके अंतर्गत हॉकी, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, एथलेटिक्स (बालक-बालिका) एवं फुटबॉल बालिका खेलों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

### जिम्मेदारिन आयाना कार्यक्रम 26 को



**दुर्गुकोंदल।** थानापारा दुर्गुकोंदल स्थित जिम्मेदारीन प्रांगण स्थल के नवनिर्मित भवन मंदिर में 26 अप्रैल को जिम्मेदारीन आयाना कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल है तथा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। ग्राम गायता बैजनाथ नरेटी एवं अन्य सदस्यों ने भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

### इलाज के पूर्व युवक की हुई मौत

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत डवरखार निवासी 36 वर्षीय अक्षय कुमार पोया पिता चमरा राम का 22 अप्रैल को इलाज से पहले ही मौत हो गया। जिला स्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। लेकिन उसका इलाज से पहले ही मौत हो गया। थाना सरोना में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अनियंत्रित बाइक की ठोकर से युवक गंभीर घायल

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बरदेभाटा छोआ पुलिया मोड़ के पास बाइक सवार युवक को अन्य बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से सरोना की ओर से आ रहें युवक को गंभीर चोट आया। वह इलाज के लिए जिला अस्पताल गया और इलाज करने के बाद थाना कांकेर में एक्सीडेंट का शिकायत दर्ज कराया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे सरोना थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगनपुर निवासी राहुल सोनवानी पिता कुंवर सिंह सोनवानी ने पुलिस को बताया कि 7 अप्रैल को अपने घर सिंगनपुर से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीयू 1584 में सवार होकर दोस्त के घर बाबूदबेना जा रहा था। बरदेभाटा छोटा पुलिया मोड़ के पास पहुंचा था कि रात करीबन 7.30 बजे कांकेर की ओर से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएल 5705 का चालक अपने मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मैं मोटर सायकल के साथ गिर गया। गिरने से मुझे चेहरा, घुटना एवं पंजा में गहरी चोट आई है, जिसका इलाज जिला अस्पताल में कराया हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएल 5705 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# दुकानदारों व वाहन चालकों को अंतिम चेतावनी, नियम तोड़ने पर कार्रवाई तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर की सड़कों पर लंबे समय से पसरी अव्यवस्था और जाम की समस्या से जूझ रहे आम नागरिकों के लिए अब राहत की उम्मीद जगी है। जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सख्त रुख अपनाते हुए एक व्यापक अभियान की शुरुआत की है। बेतरीब ढंग से खड़े वाहनों पर नकेल कसा गया और समझाईश भी दिया गया।

यातायात पुलिस की टीम पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में और नगर पालिका की टीम ने मिलकर 24 अप्रैल को शहर के प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। इस अभियान के दौरान टीम ने शहर के व्यस्ततम इलाकों का दौरा किया और उन दुकानदारों को अंतिम चेतावनी दी, जिन्होंने अपनी दुकानों का सामान फुटपाथ और मुख्य सड़कों तक फैला रखा था। प्रशासन ने साफ शब्दों में कहा कि सड़क या फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर ही अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को विधिवत नोटिस जारी किए गए और उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर सामान हटाने के सख्त निर्देश दिए गए। यही नहीं, अभियान के दौरान यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहनों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की गई। सड़क किनारे गलत तरीके से खड़े वाहनों पर तत्काल व्हील लॉक लगाकर चालानी कार्रवाई की गई और वाहन चालकों को भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। नगरपालिका प्रशासन ने दुकानदारों को यह भी निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों के सामने ग्राहकों के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि मुख्य सड़कों पर वाहनों का दबाव कम हो सके। साथ ही आम नागरिकों और वाहन चालकों से भी अपील की गई कि वे केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें। यातायात प्रभारी दीपक साव ने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन की कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले दिनों में भी लगातार जारी रहेगा। शहर को जाम और अव्यवस्था से मुक्त कराना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे। इस सख्ती से उम्मीद की जा रही है कि शहर की तस्वीर जल्द ही बदलेगी और लोगों को सुगम यातायात का अनुभव मिलेगा।

■ जिला प्रशासन ने यातायात को पटरी पर लाने दिखाया कड़ा रुख





## प्रशासन और कंपनी दोनों पर सख्त कार्रवाई की मांग

# रिटेनिंग वॉल टूटने से उजड़े 23 परिवार, गांव से लोकसभा तक लड़ाई ले जाने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर के कच्चे क्षेत्र में गोदावरी माइंस की लापरवाही अब सियासी मुद्दा बनती जा रही है। प्रभावित गांवों की कराहती आवाज जब जमीन से उठकर जनप्रतिनिधियों तक पहुंची, तो हालात ने एक नया मोड़ ले लिया। कांकेर के सांसद भोजराज नाग ने मौके पर पहुंचकर जो तेवर दिखाए, उसने साफ संकेत दे दिया है कि यह लड़ाई अब गांव की चौपाल तक सीमित नहीं रहने वाली, यह सीधे लोकसभा तक गूंजेगी।

दरअसल, गोदावरी माइंस में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और रिटेनिंग वॉल टूटने से निकले भारी मलबे ने आसपास के गांवों में तबाही मचा दी। कई घर जमींदोज की स्थिति बन गई और दर्जनों परिवारों का आशियाना पलभर में उजड़ गया। आज स्थिति यह है कि कम से कम 23 परिवार अपने ही गांव में बेघर होकर किराए के मकानों में रहने को मजबूर हैं। जिन घरों में कभी चूल्हा जलता था, वहां अब सिर्फ मलबा और सन्नाटा बचा है। शुक्रवार 24 अप्रैल को जब सांसद प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर पहुंचे, तो ग्रामीणों का दर्द सुनकर उनका गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने बताया कि कंपनी की लापरवाही ने उनकी पूरी जिंदगी बर्बाद कर दी। वर्षों की जमा-पूंजी, घर, सामान सब कुछ मिट्टी में मिल गया। इन हालातों को देखकर सांसद ने मौके पर ही कंपनी प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन दोनों को कठघरे में खड़ा कर दिया। निरीक्षण के बाद सांसद ने दो टूक कहा कि कंपनी नियमों को ताक पर रखकर काम कर रही है और यह किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आदिवासी और ग्रामीण परिवारों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वालों को जवाब देना होगा। जरूरत पड़ी तो मैं गांव से लेकर लोकसभा तक लड़ाई लड़ूंगा, उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि विकास के नाम पर विनाश स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### सांसद ने जमकर लगाई फटकार

सांसद का गुस्सा केवल कंपनी तक सीमित नहीं रहा, मौके पर मौजूद एसडीएम गंगाधर वाहिले को ग्रामीणों के सामने बुलाकर उन्होंने अब तक की कार्रवाई का पूरा हिसाब मांगा। यह चौंकाने वाली बात सामने आई कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था। सांसद के दौरे की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया, जिससे उनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए। सांसद ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत और उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही, वन विभाग को भी सेफ्टी जोन में हुई क्षति पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि लापरवाही जारी रही तो संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग की जाएगी।

### आरपार की लड़ाई का किया ऐलान

सांसद के आरपार की लड़ाई के ऐलान के बाद क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है। ग्रामीणों में न्याय की उम्मीद जगी है, वहीं यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि अगर गोदावरी माइंस प्रबंधन ने जल्द सुधार नहीं किया, तो यह मुद्दा बड़े जन-आंदोलन का रूप ले सकता है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि कंपनी और प्रशासन कितनी जल्दी जागते हैं या फिर यह आग सच में गांव से निकलकर संसद तक पहुंचती है।

# जनगणना 2027 की तैयारियां तेज 1 मई से घर-घर पहुंचेगी सर्वे टीम



**कांकेर।** आगामी जनगणना 2027 को लेकर जिले में तैयारियां अब तेज हो गई हैं। नगर पालिका परिषद कांकेर के चार्ज में दो चरणों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन के बाद अब 1 मई से घर-घर सर्वे का कार्य शुरू किया जाएगा। प्रशासन ने इसे पूरी तरह व्यवस्थित और तकनीकी रूप से सुरक्षित बनाने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं।

नगरपालिका चार्ज में आयोजित इस प्रशिक्षण में कुल 65 प्रगणक और 12 सुपरवाइजर को प्रशिक्षित किया गया। पहला चरण 15 से 17 अप्रैल 2026 तक तथा दूसरा चरण 22 से 24 अप्रैल 2026 तक संपन्न हुआ। इसमें 21 वार्डों और 5 ग्राम पंचायतों के प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स ने भाग लिया। चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन कुमार मेरिया ने प्रशिक्षण के दौरान टीम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन हर कदम पर सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। जिला मुख्य जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने आमजन से अपील की है कि वे जनगणना के दौरान सही और तथ्यात्मक जानकारी प्रदान करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना से जुड़ी जानकारी पूरी तरह गोपनीय होती है और इसे किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता। मोबाइल आधारित गणना प्रणाली के कारण यह प्रक्रिया अब पहले से अधिक सरल, सुरक्षित और आधुनिक हो गई है। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को मांझापारा, सुभाष वार्ड और अन्नपूर्णा पारा में फील्ड विजिट के लिए भेजा गया, जहां उन्होंने मोबाइल ट्रेनिंग ऐप के माध्यम से सर्वे की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पूरी की। जिला जनगणना अधिकारी जितेंद्र कुमार कुर्रे ने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे 16 से 30 अप्रैल 2026 तक चल रहे स्व-गणना अभियान के तहत जनगणना पोर्टल पर स्वयं अपने मकान का ऑनलाइन विवरण भरें और प्रगणकों के आने पर अपनी मोबाइल जनरेटेड आईडी उपलब्ध कराएं।

# कलेक्टर ने अपर कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टरों के मध्य किया कार्य विभाजन

**कांकेर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले में पदस्थ अपर कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टरों के मध्य नए सिरे से कार्य विभाजन किए हैं। अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे को अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी के अलावा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन का दायित्व भी सौंपा गया है। तहसील कांकेर, चारामा, नरहरपुर, सरोना, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ एवं आमाबेड़ा के राजस्व प्रकरण छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के तहत प्रस्तुत अपील, पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन, प्रकरणों मद परिवर्तन, संबंधी प्रकरणों का निराकरण एवं छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 के अंतर्गत प्रस्तुत अपील, पुनरीक्षण प्रकरणों का निराकरण संबंधी दायित्व सौंपे गए हैं।

अपर कलेक्टर को जिला कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारी जैसे-खनिज शाखा, उद्योग, नगर तथा ग्राम निवेश, जनशिकायत निवारण प्रकोष्ठ, विभागीय जांच, कोष लेखा पेंशन, विकास शाखा, जनगणना, विवाह अधिकारी, वेब इन्फ्रॉर्मेशन मैनेजर, नोडल अधिकारी लोकसभा, विधानसभा एवं राज्यसभा, सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रथम अपीलीय अधिकारी, वन अधिकार पट्टा, मालिक मकबूजा प्रकोष्ठ, मोबाइल टावर निर्माण, नक्सल प्रभावित योजनाओं की मॉनिटरिंग एवं विकास इत्यादि शाखाओं के प्रभारी अधिकारी भी बनाए गए हैं। संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे को जिला नजुल अधिकारी के साथ ही विभिन्न शाखाओं जैसे-तृतीय एवं चतुर्थ कर्मचारियों का अवकाश, अग्रीम यात्रा भत्ता इत्यादि, चिकित्सा व्यय, नजुल नवकरण शाखा, वित्त एवं स्थापना शाखा, राजस्व शाखा, राहत, पुनर्वास शाखा, रेडक्रास, नजारत, समाज कल्याण से संबंधित प्रभारी अधिकारी बनाए गए हैं। डिप्टी कलेक्टर टिकाराम देवांगन को प्रभारी अधिकारी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, जनसूचना अधिकारी कलेक्टर कार्यालय, लोक सेवा गारण्टी अधिनियम, प्रपत्र शाखा, अल्प बचत, अल्प संख्यक, वक्फ बोर्ड, जवाहर नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, चिप्स, लोकसेवा केन्द्र, जेल, नगर सेना, विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड के साथ ही नगरीय प्रशासन एवं विकास, नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला शहरी विकास अभिकरण के प्रभारी अधिकारी बनाए गए हैं। डिप्टी कलेक्टर मनीषदेव साहू को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी पखांजूर का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को वरिष्ठ लिपीक शाखा, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पुरातत्व संस्कृति एवं पर्यटन मण्डल, सैनिक कल्याण इत्यादि शाखाओं के प्रभारी अधिकारी बनाए गए हैं।

# खदान में हादसे लापरवाही का नतीजा सरपंच ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

क्षेत्र के आरी डोंगरी खदान में हाल ही में हुए मलबा धसकने की घटना के बाद अब ग्राम पंचायत के सरपंच रमल कोर्राम की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने इस घटना को बेहद गंभीर बताते हुए खदान संचालन में बरती जा रही लापरवाही पर चिंता जताई है।

सरपंच रमल कोर्राम ने कहा कि यह घटना केवल एक चेतावनी है। यदि खदानों में नियम-कानून को दरकिनार कर इसी तरह कार्य होता रहा, तो आने वाले समय में इससे भी बड़े और भयावह हादसे हो सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी सीधे तौर पर मजदूरों और आसपास के ग्रामीणों की जान को खतरे में डाल रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब कोई व्यक्ति इन अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाता है, तो उसे समाज में तिरछी नजर से देखा जाता है। इतना ही नहीं, गलत कार्यों में संलिप्त लोग सही बात कहने वालों को बदनाम करने का प्रयास करते हैं और सार्वजनिक स्थानों पर उनकी खिल्ली उड़ाई जाती है। सरपंच ने प्रशासन से मांग की है कि खदानों में हो रहे कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# बुलडोजर कार्रवाई पर बंग समाज बिफरा, दिया धरना, किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

परलकोट क्षेत्र के ग्राम पंचायत पारेंगा अंतर्गत पीव्ही 85 नयापारा में प्रशासन और पंचायत द्वारा की गई बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार 24 अप्रैल को बंग समाज के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन आयोजित किया गया।

घटना के बाद से अब तक प्रशासन या पंचायत की ओर से किसी प्रकार की सहायता या पुनर्वास नहीं किए जाने से लोगों में भारी नाराजगी है। इसी के चलते निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति छत्तीसगढ़ राज्य कमेटी के आह्वान पर धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। धरना के समर्थन में परलकोट क्षेत्र के कापसी, पखांजूर और बांदे में व्यापारिक प्रतिष्ठान भी सुबह से दोपहर 4 बजे तक बंद रखे गए। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन जताया। इस दौरान हजारों की संख्या में समाज के लोग, ग्रामीण और जनप्रतिनिधि शामिल हुए और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग उठाई।

जानकारी अनुसार 17 अप्रैल को स्थानीय प्रशासन और पंचायत ने अतिक्रमण का हवाला देते हुए नयापारा में बसे 6 परिवारों के मकानों को बुलडोजर से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया था।

इस कार्रवाई के बाद सभी परिवार बेघर हो गए और खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हैं। यह परिवार बाढ़ के दौरान प्रभावित हुए थे, जिसके बाद तत्कालीन प्रशासन द्वारा उन्हें सुरक्षित स्थान पर बसाया गया था। तब से यह परिवार वर्षों से उसी स्थान पर रह रहे थे। इनमें से दो परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी मिल चुका था और क्षेत्र में बिजली व नल-जल जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई थीं।

# 46 कलस्टरों में सुशासन तिहार के तहत होंगे शिविर 1 मई से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में बस्तर मुन्ने, नियद नेल्लानार 2.0 एवं सुशासन तिहार के सफल संचालन के लिए 46 क्लस्टर बनाए गए हैं। इन क्लस्टरों में 1 मई से शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां आम नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा शिविरों के सुचारु संचालन, निरीक्षण और समन्वय के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले में क्लस्टर वितरण इस प्रकार है जनपद पंचायत अंतागढ़ (8), भानुप्रतापपुर (5), चारामा (6), दुर्गूकोंदल (4), कांकेर (4), कोयलीबेड़ा (8) और नरहरपुर (11)। इन क्लस्टरों में विभिन्न ग्रामों को शामिल कर शिविर लगाए जाएंगे, जहां शासन की योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। प्रशासन का उद्देश्य इन अभियानों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

# युकां की बैठक में बूथ चलो अभियान और संगठन विस्तार पर दिया जोर

**कोयलीबेड़ा।** ब्लॉक कोयलीबेड़ा में युवा कांग्रेस कि महत्वपूर्ण बैठक आहूत कि गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ चलो अभियान व संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। साथ ही साथ बड़ी संख्या में युवा साथियों को कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण कराया गया।

जिला युवा कांग्रेस कांकेर के अध्यक्ष राजेन्द्र दुबे कि उपस्थिति में व ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुरे सिंग बघेल, नगर अध्यक्ष सतीश कौशल, जिला युवा कांग्रेस विनोद उसेंडी के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ चलो अभियान व संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। साथ ही साथ बड़ी संख्या में युवा साथियों को कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण कराया गया, जिसमें विशेष रूप से पार्टी के विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित शेष गजबिये, आकाश यदु, रति राम दुग्गा, प्रेम उन्द्रे, सरवन नेताम, यशपाल कांगे, अरुण सलाम, चेतन कोरेटी, प्रीतम नाग, आलोक नाग, निखिल पटेल, हरसिंह मंडावी, मंगू ध्रुव, संदीप आंचला, राहुल उसेंडी, फूलसिंह ध्रुव, प्रमोद उसेंडी,



दौलत बघेल, हितेश कोर्राम, विवेक पटेल, विक्की कौशल, भेष नारायण, प्रकाश ठाकुर, रमेश सलाम, दिनेश कुलदीप, बीरबल कुलदीप, राजेंद्र नाग, दुर्गेश नाग व क्षेत्र के बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के विचाधारा से प्रभावित कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। कहीं ना कहीं आज युवाओं का रुख कांग्रेस की ओर मुड़ने का साफ साफ इशारा राज्य से लेकर केंद्र तक भाजपा की नाकामियों को दर्शा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई, 25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411